Roll No....................................

F–15–Z

Total No. of Questions : **14**] [Total No. of Printed Pages : **7**

# SSERJSZM17

# 12515–Z

# HINDI

**Time : 3 Hours**] [**Maximum Marks : 100**

**नोट :—** सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (i) 'वीर विलास' नामक ग्रन्थ के कवि कौन हैं ?

   (ii) लद्दाखी भाषा किस परिवार की भाषा है ?

   (iii) हिन्दी के पहले ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले रचनाकार का नाम लिखिए।

   (iv) राजा ध्रुवदेव का राज्य-काल कब से कब तक रहा ?

   (v) बिहारी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

   (vi) 'राष्ट्र कवि' का सम्मान किस कवि को मिला ?

   (vii) 'सतसई' किस कवि की रचना है ?

(viii) जयशंकर प्रसाद के कहानी संग्रह का नाम लिखिए।

(ix) कहानी और उपन्यास का प्रधान तत्व कौनसा है ?

(x) किस राजा ने उर्दू और फारसी को हमारे राज्य में न्यायालय की भाषा स्वीकार की ?

(xi) कबीरदास किस शाखा के प्रवर्तक थे ?

(xii) हेड मास्टर शर्मा जी ने पी.टी. साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया ?

1×12=12

2. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ।

राम बियोगी ना जिवै, जिवै तो बोरा होइ॥

(ख) निधक नेड़ा राखिये, आँगणि कुटी बँधाइ।

बिना साबण पाँणी बिना, निरमल करै सुभाइ॥

अथवा

धँस गए धरा में सभय शाल!

उठ रहा धुँआ, जल गया ताल!

यों जलद-यान में विचर

था इन्द्र खेलता इन्द्रजाल। 6

3. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

इसके विपरीत कुछ लोगों की मान्यता यह थी कि भाई साहब का परिवार तो अपना ही होता है। अपनी जायदाद उन्हें न देना उनके साथ अन्याय करना होगा। खून के रिश्ते के बीच दीवार बनानी होगी।

**अथवा**

इन्हीं गुणों के कारण इन चित्रों ने देश-विदेश में ख्याति अर्जित की और भार का नाम संसार में उजागर किया। अब इस शैली के चित्रों का निर्माण लगभग समाप्त हो चुका है। 6

4. किसी **एक** कविता का सार पाठानुसार अपने शब्दों में लिखिए :

(क) मानवता

(ख) कैकेयी का अनुताप 6

5. किसी **एक** गद्य-पाठ का सार अपने शब्दों में लिखिए :

(क) कश्मीर का लोकनाटक बॉड पाऽथर

(ख) हरिहर काका। 6

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) लोक नाटक कौन रचता है ?

(ख) कश्मीर के भक्त कवि हिन्दी में क्यों कविता करना चाहते थे ?

(ग) बड़े भाई साहब की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए।

(घ) अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं। कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 3×2=6

7. भक्तिकाल का उदय किन कारणों से हुआ ? स्पष्ट कीजिए। 4

8. हिन्दी कविता का विकास लिखिए। 4

9. रीतिकालीन काव्य की किन्ही **तीन** प्रवृत्तियों को लिखिए। 3

10. अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए जिसमें समय के सदुपयोग के बारे में समझाया गया हो।

**अथवा**

अपने प्रधानाचार्य को छात्रवृति प्राप्त करने के लिए आवेदन-पत्र लिखिए। 7

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

(क) कश्मीर के पर्यटक स्थल

(ख) वायु-प्रदूषण : कारण एवं समाधान

(ग) समाचार-पत्र की उपयोगिता

(घ) युवा पीढ़ी में गिरते नैतिक मूल्य। 12

12. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'परीक्षा' शब्द में न जाने क्या जादू है कि इसे सुनते ही अच्छे अच्छों की रूह काँप उठती है। परीक्षा के दिनों में न खाने का होश, न तो विश्राम का समय। बच्चे ही नहीं, पूरा परिवार परेशान रहता है।

**प्रश्न** : (i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) परीक्षा के दिनों में माता-पिता क्यों परेशान रहते हैं ?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सार एक-तिहाई में लिखिए। 2×3=6

13. (क) निम्नलिखित में से **एक** अलंकार की परिभाषा लिखते हुए तर्क संगत उदाहरण दीजिए :

(i) उपमा

(ii) रूपक। 2

(ख) 'चौपाई' **अथवा** 'कविता' छन्द की परिभाषा देते हुए उसका एक उदाहरण लिखिए। 2

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से पदबंध छाँटकर लिखिए :

(i) वह धीरे-धीरे चहक रही थी।

(ii) मेरे सामने वाले घर में एक सुन्दर बच्चा है। 2

(घ) निम्नलिखित वाक्यों का वाक्य-भेद पहचान कर लिखिए :

(i) धैर्यवान सदा सुखी रहते हैं।

(ii) गार्ड ने हरी झंडी दिखाई और गाड़ी चल दी। 2

(ङ) निम्नलिखित मुहावरों को वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए :

(i) छाती ठोकना

(ii) गर्दन में हाथ देना। 2

(च) निम्नलिखित पदों का सन्धि-विच्छेद कीजिए :

भवन, भूषण, विच्छेद, नाविक। 2

(छ) निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थक शब्द लिखिए :

अक्षर, कृष्ण, अर्थ। 2

(ज) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :

कपि, गणेश, कामधेनु। 2

14. (क) 'एत' एवं 'आहट' नामक प्रत्ययों पर **दो-दो** शब्द लिखिए। 2

(ख) निम्नलिखित भाववाचक संज्ञा शब्दों को संज्ञा शब्द में बदलिए :

चातुर्य, हरियाली। 2

(ग) निजवाचक सर्वनाम की परिभाषा देते हुए उसका **एक** उदाहरण लिखिए। 2